www.rajasthanjobalert.com

Join Our WhatsApp Channel

Latest Jobs, Results,
Admit Cards & Updates

कॉलेज आयुक्तालय ने भेजी बीएड कॉलेजों की सूची

प्रदेश के 935 बीएड कॉलेजों में होंगे प्रवेश, रिजल्ट इसी महीने

बीकानेर | बीएड कॉलेजों में प्रवेश के लिए 14 जून को आयोजित पीटीईटी-2026 का परिणाम इसी महीने घोषित होने की संभावना है। परिणाम जारी होने के बाद राज्य स्तरीय काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू होगी, जिसके तहत प्रदेश के 935 बीएड कॉलेजों में अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय ने काउंसलिंग प्रक्रिया के लिए प्रदेश के बीएड कॉलेजों की सूची नोडल एजेंसी वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा को भेज दी है। पीटीईटी-2026 में शामिल हुए एक लाख से अधिक अभ्यर्थियों के लिए इन 935 कॉलेजों को काउंसलिंग में शामिल किया जाएगा। इनमें बीकानेर जिले के 20 बीएड कॉलेज भी शामिल हैं, जहां करीब 2310 सीटें उपलब्ध हैं। परिणाम घोषित होने के बाद पीटीईटी मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों को राज्य स्तरीय काउंसलिंग के जरिए कॉलेज आवंटित किए जाएंगे। परिणाम से पहले ही कॉलेजों की सूची नोडल एजेंसी को भेजे जाने से काउंसलिंग की तैयारियां लगभग पूरी मानी जा रही हैं। कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय के अनुसार केवल उन्हीं बीएड संस्थानों को काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल किया गया है, जिन्हें एनसीटीई से मान्यता तथा राज्य सरकार से एनओसी प्राप्त है।

आंसर-की जारी, 19 जून तक दर्ज होंगी आपत्तियां

पीटीईटी-2026 की नोडल एजेंसी वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा ने मंगलवार को परीक्षा की प्रारंभिक आंसर-की जारी कर दी है। अभ्यर्थी 19 जून तक ऑनलाइन आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे। प्रत्येक प्रश्न पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए 100 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। आपत्तियों के निस्तारण के बाद अंतिम उत्तर कुंजी के आधार पर परिणाम जारी किया जाएगा।

www.rajasthanjobalert.com